वर्ष-2023

32 PAGES ANSWER BOOK

विषय Subject : सामाजिक विज्ञान

विषय कोड Subject Code : 300

परीक्षा की दिनांक / Date of Exam : 070323

उत्तर देने का माध्यम
Medium of answering the paper : हिन्दी

प्रश्न पत्र का सेट
Set of the Question paper : A

गोले भरने हेतु उदाहरण :–
सही तरीका :–
● ○ ○ ○
गलत तरीका :–
⊗ ⊘ ○ ◐ ◉ ○

नोट :–
इस शीट को भरने के पूर्व इस पृष्ठ के पीछे दिए गए उदाहरण को देखें।

ID NO.
2101374
SUB.
300 - SOCIAL SCIENCE
Med.
HINDI
pk 4
Bag
33001147

केवल मूल्यांकनकर्ता के उपयोग हेतु!

**माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल**

32 पृष्ठीय

केवल परीक्षक द्वारा भरा जावे।
प्रश्न क्रमांक के सम्मुख प्राप्तांकों की प्रविष्टी करें।

| प्रश्न क्रमांक | पृष्ठ क्रमांक | प्राप्तांक (अंकों में) |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |
| 5 | | |
| 6 | | |
| 7 | | |
| 8 | | |
| 9 | | |
| 10 | | |
| 11 | | |
| 12 | | |
| 13 | | |
| 14 | | |
| 15 | | |
| 16 | | |
| 17 | | |
| 18 | | |
| 19 | | |
| 20 | | |
| 21 | | |
| 22 | | |
| 23 | | |
| 24 | | |
| 25 | | |
| 26 | | |
| 27 | | |
| 28 | | |

परीक्षक एवं उपमुख्य परीक्षक द्वारा भरा जावे ↓

परीक्षक एवं उपमुख्य परीक्षक द्वारा

प्रमाणित किया जाता है कि अन्दर के पृष्ठों के अनुरूप मुख्य पृष्ठ पर अंकों की प्रविष्टी एवं अंकों का योग सही है।

निर्धारित मुद्रा : नाम, पदनाम, मोबाईल नंम्बर, परीक्षक क्रमांक एवं पदांकित संस्था के नाम की मुद्रा लगाएं।

| उप मुख्य परीक्षक के हस्ताक्षर एवं निर्धा... | परीक्षक के हस्ताक्षर एवं निर्धारित मुद्रा |
|---|---|
| रा... ...शि.) शास. हाई स्कूल अतरवेदिया कला ...0 | ...रती सिंह ...19886 परीक्षक... |

(2)

MADHYAPRADESH BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION MADHYAPRADESH BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION MADHYAPRADESH BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION MADHYAPRADESH BHOPAL

प्रश्न क्र.

प्रश्नोत्तर क्रमांक - 1

(i) (स) बहुउद्देशीय परियोजनाओं से वृहत् स्तर पर विस्थापन होता है और आजीविका खत्म होती है।

(ii) (अ) दालें।

(iii) (द) सूचना प्रौद्योगिकी।

(iv) (ब) महाराष्ट्र।

(v) (अ) 1797 में।

(vi) (अ) 5 मार्च 1931।

BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL

मध्यप्रदेश

...न क्र.

प्रश्नोत्तर क्रमांक -2

रिक्त स्थान

(i) रिडरपेस्ट ।

(ii) प्रतिव्यक्ति आय ।

(iii) सेवा क्षेत्र ।

(iv) जमा ।

(v) बहुराष्ट्रीय कम्पनी ।

(vi) प्रकृति ।

प्रश्नोत्तर क्रमांक - 3

| (अ) | | (ब) |
|---|---|---|
| मोटरगाड़ी उद्योग | – | (vi) गुरुग्राम |
| कृत्रिम पत्तन | – | (v) चेन्नई |
| नेपोलियन की हार | – | (iv) 1815 |
| रौलट एक्ट | – | (iii) 1919 |
| जेम्स वॉट | – | (ii) भाप का इंजन |
| संघ सूची | – | (i) प्रतिरक्षा |

BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL

प्रश्न क्र.

## प्रश्नोत्तर क्रमांक-5

सत्य / असत्य

(i) सत्य

(ii) सत्य

(iii) सत्य

(iv) सत्य

(v) असत्य

(vi) सत्य

BSE

BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL

प्रश्न क्र.

प्रश्नोत्तर क्रमांक - 5

एक वाक्य में उत्तर

(i) वह शासन व्यवस्था जिसमें एक ही समय में दो या दो से अधिक सहयोगी राजनैतिक दलों द्वारा गठित सरकार गठबंधन सरकार कहलाती है।

(ii) उस प्रक्रिया को नगरीकरण (शहरीकरण) कहते हैं जिसमें लोग ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन करते हैं।

(iii) सामाजिक विभाजनों का प्रमुख आधार जाति, लिंग, क्षेत्रीयता है।

(iv) दो देश जहाँ मजबूत लोकतंत्र हैं - (i) भारत (ii) बेल्जियम।

(v) पूरे देश के लिए बनने वाली एक सामान्य सरकार को संघ (केन्द्र) सरकार कहते हैं।

(vi) नागरिकों की गरिमा तथा स्वतन्त्रता को बनाए रखने के लिए, लोकतान्त्रिक शासन प्रणाली उत्तम है।

BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL

प्रश्न क्र.

कुल अंक

प्रश्नोत्तर क्रमांक -6 (अथवा)

→ सतत् पोषणीय विकास → सतत् पोषणीय विकास का तात्पर्य ऐसे विकास से है जो बिना किसी को नुकसान पहुंचाए हो और वर्तमान विकास की प्रक्रिया भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकता की अवहेलना न करे।

B
S
E

प्रश्नोत्तर क्रमांक -7

→ जलोढ़ मिट्टी की दो विशेषताएँ निम्नलिखित हैं -

(i) जलोढ़ मिट्टी चूना, पोटाश, फास्फोरस से युक्त होती है अतः यह बहुत उपजाऊ होती है।

(ii) जलोढ़ मिट्टी दलहनी फसलों के लिए उपयुक्त मानी जाती है, संपूर्ण उत्तरी मैदान जलोढ़ मृदा से बना है। यह मिट्टी तीन महत्वपूर्ण नदी तंत्रों सिंधु, गंगा, ब्रम्हपुत्र के लाए निक्षेपों से बनी है।

प्रश्न क्र.

प्रश्नोत्तर क्रमांक -8 (अथवा)

→ वाणिज्यिक कृषि की दो विशेषताएँ निम्नलिखित हैं -

→ (i) यह कृषि ऐसे क्षेत्रों में की जाती है जहां जनसंख्या का दबाव अधिक होता है।

→ (ii) इसका प्रमुख उद्देश्य अधिक मात्रा में फसल का उत्पादन करना है और उसे एकत्रित करके बेचना है। इस कृषि में अधिक मुद्रा की भी प्राप्ति होती है।

प्रश्नोत्तर क्रमांक - 9

→ विनिर्माण उद्योग का महत्व

(i) विनिर्माण उद्योग कृषि पर निर्भरता को कम करते हैं तथा द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्रों में सेवाएं उपलब्ध कराते हैं।

(ii) विनिर्माण उद्योग दूसरे देशों के साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार करते हैं जिससे विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है।

प्रश्न क्र.  कुल अंक

प्रश्नोत्तर क्रमांक -10

→ रेल परिवहन की अपेक्षा सड़क परिवहन के महत्वपूर्ण होने के कारण निम्नलिखित हैं -

→ (i) सड़क ऊबड़ खाबड़ तथा विच्छिन्न भू-भागो पर भी बनाई जा सकतीं हैं।

→ (ii) रेल परिवहन में रेललाइनों के निर्माण की अपेक्षा सड़क निर्माण की लागत कम होती हैं।

→ (iii) कम दूरी, कम व्यक्तियों के ले जाने में सड़क मितव्ययी हैं।

इसी कारण से रेल परिवहन की अपेक्षा सड़क परिवहन महत्वपूर्ण हैं।

प्रश्नोत्तर क्रमांक -11 (अथवा)

→ वायु परिवहन का राष्ट्रीयकरण सन् 1953 में किया गया।

→ उदाहरण - वायु परिवहन के राष्ट्रीयकरण के बाद पवन हंस हेलीकॉप्टर लिमिटेड तेल, प्राकृतिक गैसों को उनकी अपटीय संक्रियाओं के लिए उत्तर-पूर्वी राज्यों जैसे जम्मू कश्मीर उत्तराखण्ड जैसे राज्यों में हेलीकॉप्टर सेवाएँ

P.T.O.

प्रश्न क्र.

उपलब्ध करवाता है।

प्रश्नोत्तर क्रमांक - 12

→ रेशममार्ग को सिल्क मार्ग के नाम से जाना जाता था इस मार्ग से विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ मसाले इत्यादि वस्तुओं का व्यापार होता था इसी मार्ग से चीनी पॉटरी जाती थी। यह मार्ग एशिया को उत्तरी अफ्रीका से जोड़ने का कार्य करता था जहां इन वस्तुओं का समुद्री रास्तों से व्यापार होता था।

प्रश्नोत्तर क्रमांक - 13 (अथवा)

→ बहुत सारे उद्योगों में श्रमिकों की मांग घटती बढ़ती रहती थी क्योंकि उद्योगों समय के आधार पर कार्य बहुत होता है तो श्रमिकों की मांग अधिक हो जाती थी, मौसम के अनुरूप कार्य करने वाले मजदूर, कृषक, जब फैक्ट्रियों में उत्पादन होता था, खेतीबारी करते थे लेकिन जब यह कार्य पूरा हो जाता था तब कृषक तथा मजदूरों के पास कोई कार्य नहीं होता था, अतः वे खाली रहते थे।

" इस प्रकार बहुत सारे उद्योगों में श्रमिकों की मांग मौसमी आधार पर घटती - बढ़ती थी।

प्रश्न क्र.

प्रश्नोत्तर क्रमांक - 14

→ मुद्रण तकनीक सबसे पहले चीन, जापान देशों और कोरिया में विकसित हुई। पहले चीन में वुडब्लॉक्स काठ की तख्ती में छपाई होती थी बाद में किताबों का सुलेखन करने वाले लोग एकार्डियन शैली में किनारों को मोड़कर किताबें छापी जाने लगी।

B
S
E

प्रश्नोत्तर क्रमांक - 15 (अथवा)

→ उन्नीसवीं सदी की मशहूर लेखिकाओं के नाम निम्नलिखित है -

→ (i) रससुन्दरी देवी जिन्होंने आमार जीवन नामक आत्मकथा लिखी। उनकी यह आत्मकथा बंगाल में प्रकाशित हुई थी।

→ (ii) ज्योतिबा फुले जैसी लेखिका ने महिलाओं के जीवन तथा उनके संघर्षों के बारे में लिखा।

प्रश्न क्र.

प्रश्नोत्तर क्रमांक -16

→ द्वितीयक क्षेत्रक की दो विशेषताएँ निम्नलिखित है -

→ (i) द्वितीयक क्षेत्रक में प्राकृतिक पदार्थों को विनिर्माण के जरिए उन्हें विनिर्मित किया जाता है।

→ (ii) उदाहरण - गन्ने से चीनी बनाना, कपास से कपड़ा बनाना इन प्रक्रियाओं के जरिये उद्योगों का सृजन होता है, जिससे रोजगारों का भी सृजन होता है।

इसी कारण से द्वितीयक क्षेत्रक को औद्योगिक क्षेत्रक भी कहा जाता है।

प्रश्नोत्तर क्रमांक -17

→ बहुराष्ट्रीय कंपनियां ऐसे स्थानों पर स्थापित की जाती हैं जहां उन्हें -

(i) सस्ता श्रम उपलब्ध हो।

(ii) बाजारों के निकट स्थान हो।

(iii) उत्पादन क्षमता अधिक हो।

(iv) अन्य सभी आवश्यक साधन जैसे- पानी, वायु पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो।

BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYAPRADESH, BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYAPRADESH, BHOPAL

प्रश्न क्र.

## प्रश्नोत्तर क्रमांक - 18

| → आरक्षित वन | रक्षित वन |
|---|---|
| (i) भारत में आधे से अधिक वन आरक्षित घोषित किए गए हैं। | (i) भारत में केवल एक तिहाई भाग रक्षित वनों का है। |
| (ii) मध्यप्रदेश में स्थाई वनों में सर्वाधिक क्षेत्र है यह 75 प्रतिशत तक है। | (ii) भारत में रक्षित वनों में सर्वाधिक क्षेत्र 33 प्रतिशत तक है। |
| (iii) आरक्षित वन ओडिशा झारखंड राजस्थान आदि राज्यों में है। | रक्षित वन उत्तर-पूर्वी राज्यों बिहार हिमांचल प्रदेश आदि राज्यों मे है। |
| (iv) क्षरित वनों के बचाव के लिए इन्हें आरक्षित घोषित किया गया है। | वनों को और अधिक क्षरण से बचाने के लिए इन्हें रक्षित वनों की श्रेणी में रखा गया है। |

B
S
E

BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL

प्रश्न क्र.

प्रश्नोत्तर क्रमांक - 19

→ संघीय व्यवस्था की तीन विशेषताएँ निम्नलिखित हैं -

→ (i) संघीय शासन व्यवस्था में सरकार दो या दो से अधिक स्तरों वाली होती हैं। वित्तीय स्वायत्तता निश्चित करने के लिए राजस्व के अलग-अलग स्रोत निर्धारित हैं।

→ (ii) अलग-अलग स्तर की सरकारें एक ही नागरिक समूह पर शासन करती हैं पर, कानून बनाने, कर वसूलने और प्रशासन पर उनका अपना-अपना अधिकार क्षेत्र होता है।

→ (iii) अदालतों को सरकार के हर स्तर के अधिकारों की व्याख्या करने का अधिकार हैं, दोनों स्तर की सरकारों (केंद्र एवं राज्य) के बीच अधिकारों के विवाद की स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय निर्णायक भूमिका निभाता है।

मध्यप्रदेश

प्रश्न क्र.

प्रश्नोत्तर क्रमांक - २० (अथवा)

→ भारतीय रिजर्व बैंक के तीन कार्य निम्नलिखित हैं -

→ (i) भारतीय रिजर्व बैंक देश की बैंकिंग प्रणाली पर नजर रखता है। यह बैंकों का बैंक कहा जाता है।

→ (ii) बैंको को जमा तथा ऋण की संपूर्ण जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक को देनी पड़ती है।

→ (iii) बैंको द्वारा कितने प्रतिशत ऋण गरीबों को तथा अमीरों को दिया जा रहा है इस पर भारतीय रिजर्व बैंक नजर रखता है।

MADHYAPRADESH BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION MADHYAPRADESH BHOPAL

प्रश्न क्र.

प्रश्नोत्तर क्रमांक -21

→ खनिज प्रायः निम्न शैल समूहों में पाए जाते हैं-

→ (i) आग्नेय तथा कायांतरित चट्टानों में खनिज जोड़ों, भ्रंशों, विदरों में पाए जाते हैं, छोटे जमाव शिराओं के रूप में तथा बृहत जमाव परत के रूप में पाए जाते हैं। इनका निर्माण भी अधिकतर उस समय होता है जब ये दरारों के सहारे भू-पृष्ठ के अंदर की ओर ढकेले जाते हैं।
मुख्य धात्विक खनिज जैसे- सीसा, जस्ता तांबा आदि खनिज इन रूपों में पाए जाते हैं।

B
S
E

→ (ii) अनेक खनिक अवसादी चट्टानों के अनेक खनिक कई परतों, संस्तरों, निक्षेपण के रूप में पाए जाते हैं। लौह अयस्क तथा अन्य धात्विक खनिज लंबी अवधि तक ऊष्मा व दबाव का परिणाम है। दूसरी श्रेणी में चूना, पोटाश फॉस्फोरस नमक वाष्पीकरण का परिणाम है।

(P.T.O ~)

BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL

BSE

प्रश्न क्र.

→ (iii) कुछ खनिज समुद्र की तली में, घाटी तल की रेत में जलोढ़ जमाव के रूप में पाए जाते हैं, इन्हें 'प्लेसर निक्षेप' के नाम से जाना जाता है।

→ (iv) महासागरीय तली में भी खनिजों का भंडार शामिल है, नमक आदि खनिजों का निर्माण वाष्पन के फलस्वरूप होता है। ये खनिज जल द्वारा घर्षित नहीं होते, इस प्रकार की खनिजों में प्लेटिनम, टिन प्रमुख है।

→ (v) खनिजों के निर्माण की एक अन्य विधि धरातलीय चट्टानों का अपघटन है। ये चट्टानें अपघटित होकर खनिजों का निर्माण होता है।

बॉक्साइट का निर्माण भी इसी क्रिया द्वारा होता है।

BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL

प्रश्न क्र.

प्रश्नोत्तर क्रमांक -22 (अथवा)

सत्याग्रह पर गांधीजी के चार विचार निम्नलिखित है -

→ (i) महात्मा गांधी के अनुसार सत्याग्रह का अर्थ सत्य की शक्ति पर आग्रह है।
सत्याग्राही अहिंसा के जरिए अपने मकसद में सफल हो सकता है।

→ (ii) अगर सत्याग्राही का विरोध अन्याय के खिलाफ है तो उसे हिंसात्मक तरीके से नहीं अहिंसा के जरिये लड़ना चाहिए।

→ (iii) सत्याग्राही उत्पीड़क शत्रु को अहिंसा के जरिए झिंझोड़ना चाहिए, उसे उसकी गलती से अवगत कराना चाहिए।

→ (iv) महात्मा गांधी के अनुसार सत्याग्रह शुद्ध आत्मिक बल है यह लड़ाई, हिंसा को प्राथमिकता नहीं देता बल्कि शुद्ध आत्मिक बल के प्रयोग से दमनकारी शत्रु को से लड़कर अपने मकसद में कामयाब हो सकता है।

" महात्मा गांधी सत्याग्रह के रास्ते पर चलते थे, उनके अनुसार "अहिंसा सर्वोच्च धर्म है।"

प्रश्नोत्तर क्रमांक - 23

Roll No. [redacted]

